**कार्यक्रम** मप्र स्थापना दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम आयोजित, 12 शिक्षकों को किया गया सम्मानित

# प्रदेश आज विकसित राज्यों की श्रेणी में आ गया : पटेल




**नवभारत,दमोह 1 नवंबर।** प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मध्य प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान कहा कि पहले हमारे प्रदेश की गिनती बीमारू राज्यों में होती थी, लेकिन आज मध्यप्रदेश विकसित राज्यों की श्रेणी में आ गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पिछले 20-22 वर्षों में मध्यप्रदेश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हुए परिवर्तन से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि 2003 के पहले कितने गांवों में मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल थे। आज मध्यप्रदेश के बच्चे पूरे देश में अपने प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं और इसमें सबसे बड़ा योगदान गांवों में खुले छोटे-छोटे स्कूलों का है। श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश के विकास में विधायक जयंत कुमार मलैया का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### इन शिक्षकों का हुआ सम्मान

सम्मानित होने वाले शिक्षकों में सुखनंदन साहू, दिनेश कुमार प्यासी, मो. ताहिर खान, मुकेश दुबे, कैलाश पटेल, बलिराम अहिरवार, मनोज यादव, सुनील कुमार दुबे, कल्पना पटेल, बहादुर सिंह ठाकुर, प्रमोद कुमार अहिरवार और रमेश प्रसाद प्रजापति को मेडल और ब्लेजर पहनाकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया है। इस दौरान राष्ट्रपति पुरूस्कार से सम्मानित शिक्षिका शीला पटेल और राज्य स्तर से राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक श्रीकांत पटेल व मोहन सिंह गौड़ का भी सम्मान किया गया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों पर सामूहिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। यहाँ मौजूद अतिथियों, लोकतंत्र सेनानियों और अधि कारियो- कर्मचारियों, गणमान्य नागरिको सभी ने सराहा।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमा देवी खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, महेश पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे मंचासीन रहें। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति राजू कमल ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम आरएल बागरी, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, डिप्टी कलेक्टर प्रोविजनल नम्रता जैन, तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

### पटेरिया में कार्यक्रम आयोजित

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शारदा सरस्वती शिशु मंदिर पटेरिया में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि व केशव मिलन समग्र कल्याण समिति कुम्हारी के अध्यक्ष पं. रामसागर तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक सम्मिलित हुए. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और परंपराओं को दर्शाने वाली रंगारंग प्रस्तुतियां दीं.

### एमपी पीएससी में चयनित नम्रता सम्मानित




इस अवसर पर पटेरा निवासी एमपी पीएससी परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित सुश्री नम्रता जैन का भी सम्मान किया गया।

### रन फॉर यूनिटी के विजेता पुरस्कृत




इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी में विजेता हुए तीन युवाओं का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया।

### राज्यमंत्री ने किया ध्वजारोहण

राज्यमंत्री लखन पटेल ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान तथा मध्यप्रदेश गान हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।



## धूमधाम से मनाई गई संत नामदेव जयंती

▸ संगीतमय नामदेव चालीसा पाठ का किया गया आयोजन

**नवभारत,पथरिया 1 नवंबर।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी धूमधाम से संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 755वीं जयंती मनाई गई एवं मंदिर प्रांगण में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पथरिया के रजवास तिराहे के समीप बरम देव आश्रम के समीप स्थित नामदेव मंदिर बड़का में धूमधाम से नामदेव जयंती मनाई गई। जहां नामदेव बंधुओं द्वारा समाज के आराध्य देव के जयंती समारोह का आयोजन किया गया। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए सामाजिक बंधुओं द्वारा संगीतमय नामदेव चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इसके उपरांत हवन प्रारंभ किया गया। हवन पूर्ण आहुति के बाद उपस्थित समाज बंधुओं द्वारा संत नामदेव महाराज की संगीतमय आरती की गई। इसके बाद अखंड श्री रामायण पाठ भी किया गया, जिसका समापन 1 नवंबर को हुआ। देवउठनी ग्यारस को नामदेव जयंती पर हवन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

▸ न्यायालय ने सात हजार रूपये के अर्थदंड से भी किया दंडित

**नवभारत,दमोह 1 नवंबर।** सुभाष सोलंकी जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपित राजकुमार लोधी को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास, धारा 307 में पांच वर्ष का कारावास व कुल सात हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया. मामले को लेकर सतीश कपस्या सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि 12 जनवरी 2024 को फरियादी राहुल लोधी ने थाना पथरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह ग्राम सगौनी खुर्द में रहता है. खेती-किसानी करता है, गांव का राजकुमार लोधी उसकी भाभी से फोन पर बातचीत करता था, जिसे उसने बातचीत करने से रोका था, किन्तु वह नाहीं माना. 12 जनवरी 2024 को लगभग 12.30 बजे राजकुमार लोधी 12 बोर की बंदूक लेकर आया और पुरानी बुराई पर से गालियां देने लगा. फरियादी ने गाली देने से मना किया तो राजकुमार लोधी ने जान से मारने की नियत से 12 बोर की बंदूक से फायर किया, जो राघवेन्द्र सिंह लोधी के पेट के आर-पार हो गई. जिससे राघवेन्द्र की मौत हो गई।

### घटना के बाद आरोपी हो गया था फरार


राजकुमार ने फरियादी राहुल पर फायर किया जो कान के पास से निकल गया. इसके बाद राजकुमार वहां से भाग गया. रिपोर्ट के आधार पर थाना पथरिया में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया. विचारण उपरांत अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी राजकुमार सिंह लोधी को दंडित किया गया. अभियोजन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक मुकेश जैन द्वारा की गई.

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

▸ ओवर टेक करते समय बाईक सवार ट्रक की चपेट में आए

**नवभारत,दमोह.** शुक्रवार रात तेजगढ़-तेंदूखेड़ा मार्ग में कस्बा तेजगढ़ के रतन होटल के सामने ट्रक को ओवर टेक करते समय बाईक सवार ट्रक की चपेट में आ गए. हादसे में बाईक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई. एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक को 112 की मदद से तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां से परिजन प्राइवेट वाहन से जबलपुर इलाज कराने ले गए है.

जानकारी के अनुसार बाइक सवार पवन व जितेंद्र लोधी दोनों निवासी करौंदी पड़रिया तेंदूखेड़ा से ग्राम करौंदी पड़रिया की ओर अपने घर जा रहे थे. तेजगढ़ में रतन होटल के सामने ट्रक को ओवरटेक करते समय हादसे के शिकार हो गए. ट्रक तेंदूखेड़ा की ओर से दमोह जा रहा था. हादसे में पवन की मौत हो गई, जितेंद्र की हालत गंभीर बताई जा रही है.



### मृतक के पैर व पेट पर ट्रक का पहिया चढ़ गया था

बताया गया कि मृतक के पैर व पेट पर ट्रक का पहिया चढ़ गया था. घायल जितेंद्र के दाहिने पैर पर ट्रक का पहिया चढ़ा है. तेजगढ़ पुलिस ने ट्रक चालक व परिचालक को अभिरक्षा में लिया है. घटनास्थल पर एएसआई सत्येंद्र सिंह राजपूत, एएसआई खिलान सिंह सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा. घटना की खबर मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को लगी, जहां उन्होंने अपनी सोशल आईडी से घटना पर दुख जताया.

### करंट लगने से युवक की मौत

नवभारत,दमोह 1 नवंबर। करंट लगने से एक युवक को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया. जहां ड्यूटी रत डॉक्टर ने रज्जन पिता राजेश पटेल निवासी नोरु थाना देहात तहसील पथरिया को मृत घोषित कर दिया. शनिवार शाम को जिला अस्पताल में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाई की गई.

### एक नजर में



### बाबा खाटू श्याम का मनाया प्रकटोत्सव

**कुम्हारी 1 नवंबर।** नगर कुम्हारी में एकादशी तिथि में खाटू श्याम बाबा का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री बिहारी मंदिर में श्याम समिति के युवाओं द्वारा सर्वप्रथम बाबा के छायाचित्र का पूजन किया गया और उसके उपरांत डीजे के साथ बाबा की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए बिहारी जू मंदिर में संपन्न हुई। यहां श्याम बाबा का प्रकटोत्सव केक काट कर मनाया गया।



### खाटू श्याम के जन्मदिन पर प्रसाद वितरण

**नवभारत,दमोह** 1 नवंबर। श्याम भक्त मंडल दमोह द्वारा बाबा खाटू श्याम के जन्मदिन के अवसर पर खीर और प्रसाद वितरण का आयोजन वास्तव में एक अद्भुत पहल है. खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर इस तरह के कार्यक्रम उनकी भक्ति और समर्पण की भावना को दर्शाते हैं. खाटू श्याम का जन्मदिन कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है, जिसे देवउठनी एकादशी भी कहते हैं. इस दिन, भक्त भगवान की पूजा-अर्चना करते हैं और उन्हें प्रसाद चढ़ाते हैं. खाटू श्याम के भक्तों का मानना है कि इस दिन भगवान की पूजा करने से विशेष लाभ मिलता है और जीवन में सुख-शांति आती है. खीर और प्रसाद वितरण जैसे आयोजनों से न केवल धार्मिक भावनाएं मजबूत होती हैं, बल्कि समाज में एकता और सौहार्द का संदेश भी फैलता है.

### सुरेन्द्र ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान

**नवभारत,दमोह 1 नवंबर।** प्रतिष्ठित थोक दवा व्यापारी सुरेन्द्र कुमार असाटी ने मानवीयता की मिसाल पेश करते हुए अपने जीवन का 66वां रक्तदान किया. जानकारी के अनुसार, एक गर्भवती महिला जिसका हीमोग्लोबिन मात्र 3 ग्राम रह गया था, गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती थी. जैसे ही श्री असाटी को यह सूचना मिली, उन्होंने बिना एक पल गंवाए तुरंत अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया और उस महिला की जान बचाई. श्री असाटी वर्षों से नियमित रक्तदान करते आ रहे हैं और समाज में रक्तवीर के नाम से पहचाने जाते हैं. उनका कहना है कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, इससे किसी की जिंदगी को नई सांसें मिलती हैं.



### एसआईआर कार्य सावधानी से करें : कलेक्टर

**नवभारत,दमोह 1 नवंबर।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान हटा में चल रहे एसआईआर संबंधी प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण में बूथ लेवल अधिकारी और उनके सहयोगियों से कहा यह कार्य बहुत ही संवेदनशीलता का है। इसमें किसी प्रकार की असावधानी क्षम्य नहीं है, इसलिए आप प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें, आने वाली समस्याओं को मास्टर ट्रेनर के साथ साझा किया जाए। उन्होंने कहा सबसे पहला कार्य मतदाताओं की मैपिंग का है उनकी मैपिंग किस प्रकार की जानी है, इसको अच्छी तरह से समझ ले, कोई भी पत्र मतदाता किसी भी परिस्थिति में ड्राफ्ट से बाहर न जाए।

## शासकीय जमीन अतिक्रमण मुक्त की गई




▸ नगर परिषद ने अवैध कब्जा करने पर दी कड़ी कार्यवाही की चेतावनी

**नवभारत,तेंदुखेड़ा 1 नवंबर।** शासकीय जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर पक्के निर्माण कर जमीन बेचने की जानकारी मिलने के बाद नगर परिषद अमला जागा और वार्ड नंबर 9 में गर्ल्स हॉस्टल के पीछे सीएमओ पीयूष अग्रवाल ने नपा अमले और जेसीबी के साथ पहुंचकर कई जगह अतिक्रमण मुक्त कराई और बोर्ड लगवाकर शासकीय जमीन पर कब्जा करने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी.

इस संबंध में अतिक्रमण भूमि पर से जेसीबी कब्जा हटाने के दूरन इस संबंध मे संवाददाता द्वारा जानकारी लेने पर सीएमओ पीयूष अग्रवाल ने बताया कि कई दिनों से लोगो द्वारा वार्ड नंबर-9 हॉस्टल के पीछे लोगों द्वारा शासकीय ज़मीन कब्जा कर कई भूखंड बेच दिए गए है और कई प्लाट पर अवैध कब्जा कर पक्के निर्माण कर लिए है. जब नपा कर्मचारी को इस बात की जानकारी लेने मौका स्थल पर पहुंचाया तो अतिक्रमण करने की बात सत्य पाई जाने पर आज जेसीबी के साथ पहुंच कर कई अवैध कब्जे जेसीबी से हटाये।



### भक्ति भाव से की सिध्दों की आराधना

**नवभारत,दमोह।** आठ दिनों तक चलने वाले अष्टानिका महापर्व में सभी जैन मंदिर में भक्ति भाव के प्रतिदिन सिध्दों की आराधना की जा रही है। इस पावन अवसर पर नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर एवं सिंघई मन्दिर जी मे श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन चल रहा है। जिसके चौथे दिन भव्य समवशरण में भक्ति भाव के साथ 64 अर्घ समर्पित किए गए। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में आठ दिवसीय भक्तिमय अनुष्ठान में शनिवार को प्रतिष्ठाचार्य सुरेश शास्त्री एवं ब्रह्चारी स्वतंत्र भैया के निर्देशन में प्रातः बेला में 32 श्रीजी को उच्चासन पर विराजमान करके करके अभिषेक उपरांत एक साथ 64 शांति धारा संपन्न हुई।

### वारंटी गिरफ्तार

नवभारत,दमोह 1 नवंबर। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी व अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया के मार्गदर्शन में जिले मे स्थाई वारंटियों की धरपकड़ हेतु निर्देशित किया गया था. इसी क्रम में हटा एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन के मार्दशन व रनेह थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन के नेतृत्व में थाना रनेह के 4 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी माखन सिंह लोधी को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया.

**धरपकड़** कसाई मंडी क्षेत्र में भैंस के बच्चे की हत्या की गई थी, हिंदू संगठनों ने जताया था विरोध

## पशु वध के नामजद 8 आरोपियों पर मामला दर्ज

**नवभारत,दमोह 1 नवंबर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के कसाई मंडी इलाके में शुक्रवार शाम को पशु वध होने की खबर पर हड़कंप मच गया था और हालात को सुधारने में पुलिस प्रशासन को काफी मसक्कत करना पड़ी थी. पशु वध स्थल पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और मामला शांत कराया था।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने हिंदू संगठन को समझाइश देकर बताया कि नामजद करीब 8 से 9 आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया. बता दें कि कसाई मंडी क्षेत्र में भैंस के बच्चे की हत्या की थी. जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी, मनीष कुमार ने बताया कि आरोपी मुरसलीन कुरैशी, फ्हीम कुरैशी, समीर कुरैशी, शंभू चाचा खान, साहिल कुरैशी, आकाश डूठा, छिंगे कुरैशी, फैजान खान सहित अन्य मामला दर्ज किया हैं. जिनमें करीब आठ आरोपियों को अभी तक अभिरक्षा में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है.

### कसाई मंडी की महिलाएं व पुरुष हुए एकत्रित



शनिवार दोपहर कसाई मंडी की महिलाएं व पुरुष एकत्रित होकर पुलिस की कार्यशैली का विरोध कर रहे थे, जहां सूचना मिलते ही मौके बजरिया पुलिस चौकी में सीएसपी एचआर पांडे, डीएसपी सौरभ त्रिपाठी, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई रचना मिश्रा, टीआई रजनी शुक्ला, चौकी प्रभारी प्रशीता कुर्मी, एएसआई राकेश पाठक सहित मौजूद पुलिस बल ने समझाइश दी. जहां मुस्लिम समुदाय की महिला और पुरुषों का कहना था कि हमारे पति व पुत्र को पुलिस ने बेवजह अभिरक्षा में लिया है.

### ▸ पशु वध करने वालों की धरपकड़ जारी



पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में शुक्रवार-शनिवार देर रात कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार, थाना प्रभारी पथरिया अमित मिश्रा, तेंदूखेड़ा नीतीश जैन,बजरिया चौकी प्रभारी एएसआई राकेश पाठक सहित कोतवाली पुलिस बल ने कसाई मंडी के अलावा और भी जगह का निरीक्षण कर पशु वध करने वाले आरोपियों की धरपकड़ चलती रही और पूरी रात कसाई मंडी में अफ़रा-तफ़री मची रही.

**नाम सुधार सूचना**

मैं हमीद खान पिता मुहम्मद खान पता मकान नं.- 524 नूरी नगर रजा चौक वार्ड नं.-08 दमोह म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमिटेड उत्तर संभाग दमोह अंतर्गत बटियागढ वितरण केन्द्र में सहायक लाइनमेंन के पद पर कार्यरत हूँ उनकी सेवा पुस्तिका में पत्नी का नाम बेबी शबनम है जो जबकि आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं पासपोर्ट में उनकी पत्नी का नाम शबनम बी दर्ज है अतएवं जांज में आस पडोस एवं अन्य सहकर्मी से पूछताछ में पाया है कि उक्त दर्ज दोनो नाम एक ही महिला के हैं जबकि त्रुटिवश अलग-अलग दस्तावेजो में अलग-अलग दर्ज हुये है।